## Headline

1. **मौसम: भारत समेत दक्षिण एशिया में सामान्य से बेहतर मानसून का अनुमान, IMD बोला- ला नीना के कारण अधिक बारिश होगी**
2. **Godrej: बंटवारे के बाद समूह की सूचीबद्ध कंपनियां संभालेंगे आदि गोदरेज, चचेरे भाई जमशेद को मिला भूमि बैंक**
3. **गृहमंत्री के फर्जी वीडियो का मामला : अब तक 8 राज्यों में 16 को नोटिस, आज दिल्ली में पूछताछ के लिए तलब**
4. **कांग्रेस को झटके पर झटके: अरविंदर सिंह लवली के बाद इन दो पूर्व विधायकों ने दिया इस्तीफा, पत्र में बताई ये वजह**
5. **Prajwal Revanna Row: यौन उत्पीड़न मामले में एचडी रेवन्ना-प्रज्वल की मुश्किलें बढ़ीं, SIT ने जारी किया नोटिस**
6. **Russia-Ukraine: रूस ने ओडेसा में किया मिसाइल हमला, पांच लोगों की मौत; 'हैरी पॉटर कैसल' भी तबाह**
7. **राहुल गांधी या प्रियंका: अब कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने की खुदकुशी की कोशिश, अमेठी से टिकट फाइनल न होने से खफा**


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 289 | इंदौर, बुधवार 01 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए





# मध्यप्रदेश में 47 पार पहुंचेगा टेम्प्रेचर, हीट वेव भी चलेगी

## लोकसभा चुनाव की वोटिंग के दिन खूब तपेगा एमपी; ओले भी गिर सकते हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । अप्रैल के महीने में मध्यप्रदेश में 20 दिन बारिश हुई। ओले गिरे और आंधी भी चली। इतना पानी बरसा कि अप्रैल में बारिश का ओवरऑल रिकॉर्ड टूट गया। छिंदवाड़ा, भोपाल, विदिशा, सिवनी और सीहोर में तो 2 इंच से ज्यादा बारिश हुई। बारिश-ओले की वजह से अप्रैल में दिन का टेम्प्रेचर 43 डिग्री के पार नहीं पहुंच सका। मई में भी तेज गर्मी, हीट वेव, बारिश और ओले का दौर रह सकता है।**

मौसम विभाग ने मई में ग्वालियर-चंबल समेत भोपाल, उज्जैन, निवाड़ी, छतरपुर के खजुराहो और नौगांव, टीकमगढ़, खरगोन, शिवपुरी, खंडवा, बड़वानी समेत भीषण गर्मी पड़ने के संकेत दिए हैं। अनुमान है कि मई महीने में प्रदेश में पारा 47 डिग्री के पार जा सकता है।

IMD भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, मई महीने में भी वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होंगे। इस वजह से तीसरे और चौथे सप्ताह में ओले-बारिश का दौर बन सकता है। वहीं, सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, गर्मी के लिहाज से मई का महीना खास रहता है। इस महीने सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। पिछले 10 साल का ट्रेंड देखें तो कई शहरों में पारा 47-48 डिग्री तक पहुंच चुका है। दिन में हीट वेव चलेगी तो रातें भी गर्म रहेंगी। मई में बारिश का भी ट्रेंड रहता है। 2023 में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में अच्छी बारिश हुई थी।



### पहले सप्ताह में हो सकती है बूंदाबांदी

मौसम वैज्ञानिक डॉ. सुरेंद्रन ने बताया कि मई के पहले सप्ताह में मौसम का मिला-जुला असर रहेगा। 1 से 4 मई तक तेज गर्मी पड़ेगी। फिर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इसका असर एक-दो दिन बाद देखने को मिल सकता है। 10 मई तक पारे में उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन इसके बाद भीषण गर्मी पड़ेगी।

### वोटिंग दौरान गर्मी रहेगी

7 मई को भोपाल, बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग होगी। वहीं, चौथे चरण में 13 मई को इंदौर, देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन और खंडवा लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे। मौसम विभाग का अनुमान है कि वोटिंग के दौरान तेज गर्मी भी पड़ेगी। ऐसे में गर्मी लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकती है। हालांकि, चुनाव आयोग ने सभी कलेक्टरों से हर मतदान केंद्र पर पानी, छांव और ORS की व्यवस्था करने को कहा है।

### इन जिलों में सबसे ज्यादा गर्मी

मौसम विभाग की मानें तो ग्वालियर, छतरपुर, नरसिंहपुर, निवाड़ी, मैहर, टीकमगढ़, भिंड, दतिया, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, मुरैना, राजगढ़, रायसेन, शाजापुर, श्योपुरकलां, शिवपुरी और विदिशा जिलों में पारा 45 डिग्री या इससे ज्यादा रहने का अनुमान है। इनमें ग्वालियर-चंबल संभाग के साथ मालवा-निमाड़ के कुछ शहरों में भी तेज गर्मी रहेगी। छतरपुर के खजुराहो और नौगांव में पारा 48 डिग्री तक पहुंच सकता है। भोपाल में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है, जबकि इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में भी पारा इतना रह सकता है। बड़े शहरों में ग्वालियर में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ेगी। यहां पारा 47 डिग्री के बीच पहुंचने का अनुमान है।

# प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 7 मई को होगा चले बूथ की ओर अभियान

## स्वीप गतिविधियों के आयोजन के साथ घर-घर संपर्क कर वरिष्ठ, बुजुर्ग मतदाता/दिव्यांग मतदाताओं का किया जायेगा सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिये प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 'चले बूथ की ओर' अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान 07 मई 2024 को आयोजित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार यह अभियान इंदौर जिले के सभी ग्राम और वार्ड में एक साथ होगा। इसमें मतदान केन्द्रों तक प्रातः 10 से 11 बजे तक बूथ मार्च निकाला जायेगा। जिसमें स्थानीय नागरिक, विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जायेगा। बूथ मार्च समाप्ति उपरांत मतदान केन्द्रों पर मतदान करने हेतु सामूहिक शपथ दिलाई जायेगी।

इंदौर जिले में अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए बूथ मार्च उपरांत बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक अलग-अलग दल बनाकर प्रत्येक ग्राम/बस्ती में घर-घर जा कर पीले चावल देकर 13 मई को मतदान हेतु मतदाताओं को आमंत्रित किया जायेगा। मतदाताओं से संकल्प पत्र भी भरवाये जायेंगे। क्षेत्र के वरिष्ठ, बुजुर्ग मतदाता/दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान भी गृह संपर्क के दौरान किया जायेगा। इसी दिन संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार मेगा रांगोली/मानव श्रृंखला/साईकल रैली/सेल्फी पाईंट आदि स्वीप गतिविधियां भी की जायेगी। गतिविधि के उपरांत मतदान केन्द्र पर सामूहिक श्रमदान कर साफ सफाई/साज सज्जा भी की जायेगी। उक्त आयोजन में केम्पस एम्बेसेडर्स/ईएलसी/चुनाव पाठशाला/रहवासी संघ/एनजीओ/वोटर अवेयरनेस फोरम को भी उक्त अभियान में सम्मिलित किया जायेगा। चले बूथ की ओर अभियान अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्र पर स्वीप गतिविधियों का सघन रूप से आयोजित करने के निर्देश भी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा निर्देश दिये गये है।

## एनसीसी केडेट्स ने मतदाता जागरूकता के लिए बनाई मानव श्रृंखला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में एनसीसी केडेट्स ने मेजर डॉ. संजय सोहनी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर एक मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया। महू स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी श्री चरणजीत सिंह हुड्डा और महाविद्यायल के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने बताया कि इस मानव श्रृंखला बनाने का उद्देश्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दिवस 13 मई को जनसामान्य के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी और उनके अभिभावक मतदान केंद्र पर जा कर अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश देना रहा। इसमें बड़ी संख्या में एनसीसी केंडेट्स के अलावा महाविद्यालय के प्राध्यापकगण और एनसीसी के अधिकारी उपस्थित थे।

## मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए महिलाओं का रोचक प्रयास

### मतदान करने के संदेशों के साथ किया रैम्प वॉक, नुक्कड़ नाटक से भी दिया मतदान का संदेश




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए इन्दौर जिले को मतदान में भी अग्रणी बनाने के लिए अनेक नवीन एवं रोचक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में इंदौर जनपद पंचायत की मुस्कान संकुल स्तरीय संगठन की स्वयं सहायता समूह सदस्यों द्वारा रेम्प वॉक कर मतदान का संदेश दिया गया। वीडियों सन्देश के माध्यम से भी मतदान की महत्ता बताते हुये महिलाओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। रेम्प वॉक में मुस्कान संकूल संगठन की 20 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इसी तरह ग्राम सिंहासा के महिला स्वयं सहायता सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाट्क के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश देते हुये ग्राम वासियों को मतदान का महत्व भी समझाया। महिलाओं द्वारा मतदान करने के सन्देशों को हाथ में ले कर आकर्षक रैम्प वॉक किया गया। इसी प्रकार सिंहासा ग्राम संगठन सांवेर भी दीदियों द्वारा नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदान अवश्य करने का संदेश ग्राम वासियों को देते हुए मतदान का महत्व भी समझाया।

## बौद्ध समाज सैराठ ग्रुप की भव्य महारैली आयोजित

**इंदौर**। संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब अम्बेडकर की 133 वी जयंती के अवसर पर बौद्ध समाज सैराठ के द्वारा महारैली का आयोजन किया गया महारैली में बड़ी संख्या में समाज जन का उत्साह रहा सैराठ ग्रुप के अमोल इंगले ने बताया कि यह रैली प्रतिवर्ष बाबा साहब अम्बेडकर जी जयंती के अवसर पर निकाली जाती हैं।

महारैली आनंद बौद्ध विहार जबरन कालोनी से प्रारंभ होकर सुनकर धर्म शाला से पलसीकर पेट्रोल पंप से होते हुए कलेक्टर चौराह से शारदा माता मंदिर से तीन नंबर विद्यालय से कलालकुईमस्जिद से होते हुए रावजी बाजार थाने से होते हुए लोहा मंडी पुल से होते हुए जबरन कालोनी पर ही समाप्त हो जाती है रैली के अवसर पर समाज जन मैं बहुत उत्साह दिखा रैली में बाबा साहब अम्बेडकर जी के विचारो पर चलने की अपील की गई महारैली का भव्य स्वागत किया गया । रावजी बाजार थाने के पास से होते हुए लोहा मंडी पुल के सामने युवा नेता स्वप्निल तायड़े की अगुवाई में उनकी टीम द्वारा महारैली का भव्य स्वागत किया गया । तायड़े के मंच पर 130 बार रक्तदान करने वाले डॉ अभिजीत तायड़े रूबी ट्रेवल्स के बाबू भैया संजय सिंह ने शोभा बढ़ाई ।

## बूथों, मतदान सामग्री स्थलों पर बिजली आपूर्ति गंभीरता से की जाए

### बिजली कंपनी के प्रबंध निदेशक तोमर का दौरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने मंगलवार को रतलाम का दौरा किया। उन्होंने अधीक्षण यंत्री कार्यालय में ली बैठक में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार बूथों, मतदान सामग्री वितरण स्थल, मतदान संबंधी प्रशिक्षण स्थल इत्यादि स्थानों पर बिजली आपूर्ति का माकूल इंतजाम किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी से बिजली अधिकारी सतत संपर्क में रहे, ताकि चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बेहतर समन्वय कायम रहे। प्रबंध निदेशक ने रतलाम आगमन के दौरान नए अधीक्षण यंत्री कार्यालय भवन, स्मार्ट मीटर कंट्रोल रूम, मीटरों के टेस्टिंग कार्य का निरीक्षण भी किया। प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने भवन निर्माण , टेस्टिंग और मीटरीकरण का कार्य मानक व गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए। इस दौरान रतलाम के अधीक्षण यंत्री श्री बीडी फ्रैंकलिन ने बताया कि जिले के सभी 1295 बूथों पर बिजली कनेक्शन की स्थाई रूप से उपलब्धता है। निर्वाचन से जुड़े कार्यालयों, अस्पतालों, पेयजल स्त्रोंतों के बिजली वितरण के संबंध में बिजली कंपनी मुख्यालय के निर्देशों का पालन किया जा रहा है।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## स्वास्थ्य शिविर में दिया मतदान करने का संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत अधिकाधिक मतदान के लिए कई अनूठे प्रयास किए जा रहे हैं। कहीं महिलाएं रंगोली पर तो कहीं मेहंदी के माध्यम से मतदान करने का संदेश दे रही हैं, तो कहीं मतदाता जागरूकता रैलियां निकाली जा रही है। दीवारों पर स्लोगन लिखे जा रहे हैं। ऐसा ही एक प्रयास इंदौर जिले के ग्राम पंचायत पंचोला ,सांवेर में किया गया, वहां आयोजित स्वास्थ्य शिविर के दौरान मतदाता जागरूकता हेतु मतदाताओं को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया।

# मतदान दलों को 12 मई को होगा मतदान सामग्री का वितरण

### सामग्री वितरण के लिये नियुक्त 750 अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की व्यापक तैयारियां जारी हैं। जिले में 13 मई को मतदान होगा। मतदान दलों को 12 मई को मतदान सामग्री का वितरण नेहरू स्टेडियम से किया जायेगा। सामग्री वितरण के लिये 750 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त किये गये है। मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान के पश्चात सामग्री वापस प्राप्त करने के कार्य का आज इन्हें प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो की जानकारी दी गई।**



अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा गया कि वे पूर्ण सतर्कता एवं टीम वर्क के साथ कार्य करे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों को दी जाने वाली सामग्री को चेक लिस्ट के अनुसार देने और लेने के लिए विस्तार से जानकारी दी गई। नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान सामग्री का वितरण एवं मतदान पश्चात मतदान सामग्री का संग्रहण कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि सभी मतदान दलों को मतदान सामग्री सुगमता से मिले और मतदान पश्चात मतदान सामग्री का संग्रहण कार्य भी सहजता से हो जाये। किसी भी मतदान दल को परेशानी का सामना नहीं करना पडे। अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा ने बताया कि आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान सामग्री वितरण तथा मतदान सामग्री के संग्रहण करने के लिए नियुक्त 750 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को समयबद्ध और व्यवस्थित कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के नियमों और निर्देशन की जानकारी भी दी गई। सभी प्रतिभागियों को मतदान सामग्री वितरण और पुनः वापस लेने के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा तथा प्रशिक्षण के प्रभारी, एमपीईबी, पीडब्ल्युडी, इंदौर विकास प्राधिकरण व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे। प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों की जिज्ञाषाओं का समाधान भी किया गया।

## ऑटोट्यूनर जैसे टूल गायकों को अपाहिज बना रहे हैं -इशिता विश्वकर्मा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ऑटोकरेक्ट जैसे टूल और रिकॉर्डिंग में बहुत सारी सुविधाओं का बढ़ना गायकों को अपाहिज बना रहा है। सुरों का पक्का होना और रियाज का कोई विकल्प नहीं है। छोटे शहरों से निकलकर भी केवल प्रतिभा के दम पर बिना कोई समझौता किए बॉलीवुड में टिका जा सकता है, मैं इस बात का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहती हूं।**

यह बात गायिका और सारेगामा 2019 की विजेता एवं इंडियास गॉट टैलेंट की फर्स्ट रनर अप सुश्री इशिता विश्वकर्मा ने स्टेट प्रेस क्लब, मप्र द्वारा आयोजित रूबरू कार्यक्रम में कही। उन्होंने उन मुश्किल क्षणों को याद किया जब जीवन भर उन्हें बड़ी गायिका बनाने के लिए प्रयासरत रहे उनके पिता की तेरहवीं सम्पन्न भर हुई थी और उन्हें इंडियाज गॉट टैलेंट के आखरी ऑडिशन के लिए कॉल आ गया था। तब उन्होंने और उनकी माता तेजल जी ने यह विचार किया कि यदि आज इशिता के पिता श्री अंजनी कुमार जीवित होते तो वे क्या निर्णय लेते और फिर उन्होंने बिना समाज की परवाह किए ऑडिशन हेतु जबलपुर से मुंबई प्रस्थान किया। इशिता ने कहा कि उनकी सफलता में स्वयं उनकी मेहनत सिर्फ 10 प्रतिशत है और 90 प्रतिशत योगदान उनके माता-पिता के त्याग और तपस्या का है। कार्यक्रम के पूर्व स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल एवं संतोष अग्निहोत्री ने इशिता विश्वकर्मा का सम्मान किया जबकि श्रीमती रचना जौहरी एवं श्रीमती मीना राणा शाह ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं स्टेट प्रेस क्लब के प्रकाशन भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन आलोक बाजपेयी ने किया ।

## इंदौर जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनूठी पहल

### जिले में मतदान केन्द्रवार तैनात रहेंगे वालंटियरर्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के मार्गदर्शन में अनेक अनूठी पहल की जा रही है। इसी के तहत मतदाता जागरूकता के लिए जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों के साथ वालंटियरर्स भी तैनात किये जा रहे है। सर्वाधिक मतदान कराने पर संबंधित वालंटियरर्स/बीएलओ को प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया है।**

यह जानकारी यहां देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम तक्षशिला परिसर खण्डवा रोड पर आयोजित एनजीओ एवं वॉलेंटियर के साथ संवाद कार्यक्रम में दी गई। इस कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह, स्वीप अभियान के नोडल अधिकारी तथा स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह सहित अन्य अधिकारी और एनजीओ तथा वालंटियरर्स मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने मतदान की महत्ता बताते हुये सभी से आग्रह किया कि वे मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। यह प्रयास करे कि सभी मतदाता अपने-अपने मताधिकार का उपयोग करें। लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदान हो इसलिये अनेक नवाचार किये जा रहे हैं। बताया गया कि इंदौर जिले के मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एक ओर महत्वपूर्ण कवायद की गई है। इसके तहत जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदान केन्द्र वार बीएलओ और वालंटियरर्स नियुक्त किये गये है। यह अपने-अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हमने बीएलओ, कॉलेज के विद्यार्थियों और युवाओं को वालंटियरर्स भी बनाये है। पूर्व के चुनाव में जिन मतदान केन्द्रों पर कम मतदान हुआ है, वहां विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाये।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदान बूथों पर न्यूनतम 75 प्रतिशत से अधिक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बीएलओ, वालंटियरर्स एवं जागरूकता कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होगी। मतदान का लक्ष्य हासिल करने वाले ऐसे सभी बीएलओ को 5 हजार रुपये की पारितोषिक राशि के रूप भी दी जायेगी। मतदान प्रतिशत बढाने में अग्रणी रहने वाले प्रथम 21 मतदान केन्द्रों के वॉलेन्टीयर्स को प्रोत्साहन राशि के रूप में ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये दिये जायेगे। इसके अलावा मतदान जागरूकता के माध्यम से लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने वाले व्यक्तियों को पदक एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

# इंदौर में पटवारी बोले- अब हमारे लिए नोटा ही विकल्प

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हम किसी को समर्थन नहीं देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर लोकसभा सीट पर दो दिन से चल रहे नाटकीय घटनाक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का बड़ा बयान सामने आया है। मंगलवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में पटवारी ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी इंदौर में किसी भी प्रत्याशी को समर्थन नहीं देगी। दलबदल के विरोध में नोटा ही हमारा विकल्प होगा। पार्टी हाईकमान ने भी यही निर्देश जारी किए हैं।**



पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास बीजेपी को सबक सिखाने के कई तरीके है। ये इंदौर की जनता को तय करना है। हम चुनाव का बहिष्कार करने के लिए नहीं कहेंगे। लेकिन नोटा का विकल्प हम सब के पास है। यहां लोगों के पास रावण जैसी ताकत है। जिसमें अंहकार दिखता है।

इंदौर लोकसभा सीट से बतौर कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले अक्षय कांति बम ने सोमवार को पर्चा वापस ले लिया था। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ अक्षय कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। नामांकन वापस लेने के बाद उन्होंने भाजपा भी जॉइन कर ली।

बम की नाम वापसी होते ही भाजपा ने ऑपरेशन सूरत-2 पर काम शुरू कर दिया। प्लान था कि गुजरात की सूरत लोकसभा सीट की तरह बचे हुए उम्मीदवारों के नामांकन वापस कराकर इंदौर में निर्विरोध जीत हासिल की जाए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में दोपहर 3 बजे तक माथापच्ची चलती रही लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। 23 में से 9 ही उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए। अब इंदौर लोकसभा सीट पर भाजपा के शंकर लालवानी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### कांग्रेस के सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट को फैसला कोर्ट में सुरक्षित

इंदौर संसदीय सीट पर कांग्रेस की तरफ से घोषित प्रत्याशी अक्षय कांति बम के नामांकन वापस लिए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई। हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा, 'जिस सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट को अधिकृत प्रत्याशी बनाने की मांग की गई है, वो तो अब दौड़ में ही नहीं है। उसका फॉर्म तो नामांकन की स्क्रूटनी के समय ही रिजेक्ट हो चुका है। अगर इस पर आपत्ति है तो अलग से चुनाव याचिका दायर कर सकते हैं। हाईकोर्ट ने डिटेल फैसला बाद में जारी करने की बात कही है। बम की नाम वापसी के खिलाफ कांग्रेस के डमी उम्मीदवार मोती सिंह पटेल की ओर से मंगलवार को ही यह याचिका दायर की गई थी। तत्काल सुनवाई की अपील स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने लंच के बाद सुनवाई की। याचिकाकर्ता के वकील ने सुनवाई के बाद कहा, हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। फैसले की कॉपी शाम तक या अगली सुबह तक आने की संभावना है। उसके बाद ही कुछ कह पाएंगे।

# आदर्श आचरण संहिता का करना होगा पालन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । इंदौर संसदीय क्षेत्र में 13 मई को होने वाले मतदान के लिये व्यापक तैयारियां जारी है। इन्हीं तैयारियों, लोकसभा चुनाव के लिये की गई व्यवस्थाओं तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी दिये गये निर्देशों और नियमों की जानकारी अभ्यर्थियों को देने के लिये आज यहां कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. आर. सेल्वाराज, व्यय प्रेक्षक मत्ता पदमा तथा अल्का गौतम, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में अभ्यर्थियों तथा उनके अभिकर्ताओं को लोकसभा निर्वाचन के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, निर्वाचन संबंधी जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों और अन्य नियम/कानूनों की विस्तार से जानकारी दी गई। सभी से आग्रह किया गया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिये आदर्श आचरण संहिता तथा नियम और निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

# निजी स्कूल के हॉस्टल में बच्ची से रेप

## 8 साल की मासूम ने मां से कहा- दाढ़ी वाले अंकल ने गलत काम किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल के मिसरोद थाना क्षेत्र में दूसरी कक्षा की 8 साल की बच्ची के साथ एक निजी बोर्डिंग स्कूल के हॉस्टल में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बच्ची को दाल-चावल में कुछ नशीला पदार्थ खिलाया गया, जिससे वह बेसुध हो गई। होश आया तो एक व्यक्ति उसके साथ गलत काम कर रहा था, जबकि एक अन्य व्यक्ति पास में ही खड़ा था। घटना चार से पांच दिन पुरानी बताई जा रही है। बच्ची 15 दिन पहले ही हॉस्टल में आई थी। मंगलवार रात पुलिस ने धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर की है। हॉस्टल वार्डन समेत तीन लोगों को आरोपी बनाया गया है।

बच्ची की मां का आरोप है कि मिसरोद थाने के एसआई प्रकाश राजपूत ने हॉस्पिटल में शिकायत दर्ज न करने का दबाव बनाया था। एसआई श्वेता शर्मा का कहना है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मिसरोद पुलिस के मुताबिक बच्ची के पेरेंट्स ने 15 दिन पहले ही हॉस्टल में दाखिला कराया है। बच्ची के पिता बिजनेसमैन और मां गृहिणी हैं।

### मां ने कहा- वीडियो कॉल पर बोली कि उसे ब्लीडिंग हुई

बच्ची की मां ने बताया कि पिछले रविवार को वह बच्ची को हॉस्टल से बाहर घुमाने लाई थीं। हर रविवार को ही परिजन बच्चों से मिल सकते हैं। इस रविवार को बच्ची से फोन पर बात की तो वह रोने लगी। वीडियो कॉल पर बोली, उसे ब्लीडिंग हुई है। जब मैंने कुछ पूछा तो वार्डन ने फोन कट कर दिया। मैं तुरंत सोमवार को इंदौर से स्कूल पहुंची। फिर बच्ची को लेकर जेपी अस्पताल गई, जहां चेकअप के बाद डॉक्टर ने बताया कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट में सूजन और ब्लीडिंग हुई है।

### मां का बयान- बच्ची बोली, दाढ़ी वाले अंकल ने किया गलत काम

बच्ची की मां ने बताया कि मैं बेटी से मिली तो वह लिपटकर रोने लगी। उसे बाहर लेकर आई तो उसने कार में बताया कि चार-पांच दिन पहले शाम को उसने दाल-चावल खाए थे। बाद में हॉस्टल की वार्डन ने उसे दोबारा दाल-चावल खिलाए थे। उसे उस रूम में ले जाकर खिलाया गया, जो अभी रहने के लिए चालू भी नहीं हुआ है। रात में जब नींद खुली तो वह अपने कमरे और बिस्तर पर नहीं थी। एक मोटे से दाढ़ी वाले अंकल उसके साथ गलत काम कर रहे थे। पास में खड़े अंकल बोल रहे थे कि मोदी सर, बच्ची को होश आ गया है। अंकल ने दो-तीन बार बोला। इसके बाद मेरी आंख पर हाथ रख दिया। मेरे पेट में दर्द हो रहा था और प्राइवेट पार्ट से ब्लड आ रहा था। बच्ची फिर से बेहोश हो गई। बच्ची को सुबह होश आया तब वो अपने पलंग पर सो रही थी। उसने होश में आने के बाद वार्डन से कहा कि मेरे पेट में पेन हो रहा है। उन्होंने बच्ची को नहलाया-धुलाया।

बेटी ने मुझसे बात करने की जिद की तो उससे कहा स्कूल जाओ, वहां से आने के बाद बात करा देंगे। उन लोगों ने बच्ची को डराया-धमकाया कि किसी से कुछ कहोगी तो हम मम्मी से बात नहीं कराएंगे। उन्होंने कहा- संडे को बात कराएंगे। जब मैंने बेटी से बात करने के लिए फोन किया तो उन्होंने कहा कि बच्ची अभी सो रही है। बात नहीं करा सकते। जब मैंने दोबारा कॉल किया तो पीछे से आवाज आई कि 2 मिनट से ज्यादा बात मत करना और फोन कट गया। फिर मैंने वीडियो कॉल किया तो बच्ची रो पड़ी। फिर उन्होंने बच्ची से फोन छीनकर स्विच ऑफ कर दिया।

इसके बाद मैं टेंशन में आ गई कि कुछ तो बात है। जब मैं बच्ची से मिलने हॉस्टल गई तब बताया गया कि आपकी बच्ची हॉस्टल में अकेली है। बाकी सभी तीन-चार दिन पहले घर जा चुकी हैं। मेरी बच्ची बहुत डरी हुई थी। मैं उसे लेकर सीधे अस्पताल गई। बच्ची की मां का आरोप है कि स्कूल के ऑनर ने गलत काम किया है।

# रेपिस्ट को 10 वर्ष कैद

## दुष्कर्म के बाद लड़की ने कर ली थी आत्महत्या, सुसाइड नोट छोड़ा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** जिले के फतेहगढ़ इलाके में नाबालिग से रेप के आरोपी को कोर्ट ने सजा सुनाई है। आरोपी ने नाबालिग को घर में अकेली पा कर उससे रेप किया था। घटना के एक हफ्ते बाद नाबालिग ने सुसाइड कर लिया था। लड़की ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था। कोर्ट ने आरोपी को 10 वर्ष की सजा सुनाई है। मामले में फैसला सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश लीला लोधी ने सुनाया। वहीं शासन की ओर से पैरवी ADPO ममता दीक्षित ने की।

मीडिया प्रभारी ADPO मयंक भारद्वाज ने बताया कि लड़की ने फतेहगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि 29 जून 2020 को शाम करीब 7 बजे रविवार के दिन वह अपने घर पर अकेली थी। तभी गांव का आरोपी आया और उससे बोला कि मैं तुझे प्यार करता हूं, तू मुझसे शादी कर ले। तब लड़की ने मना कर दिया और कहा कि तुम पहले से ही शादीशुदा हो, वह नहीं कर सकती है। इसके बाद आरोपी ने जबरदस्ती उसके कपड़े उतारे और उसके साथ गलत काम किया। जब वह चिल्लाई तो उसका भाई आ गया। तब आरोपी ने उससे और उसके भाई से बोला कि यदि तुमने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई तो तुम दोनों को जान से मार दूंगा। इसके बाद आरोपी भाग गया। वह डर गई थी, इस कारण रिपोर्ट लगवाने नहीं गई थी तब इसके बाद वह अपने मम्मी पापा के साथ रिपोर्ट लिखवाने गई थी। दो दिन बाद लड़की ने अपने परिवार वालों के साथ थाने पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मिला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के एक हफ्ते बाद लड़की ने सुसाइड कर लिया। पुलिस ने जांच के बाद अदालत में चालान पेश किया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी माना। कोर्ट ने आरोपी को दस वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही आरोपी पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया।

### लड़की ने कर लिया था सुसाइड

इस मामले में घटना के एक हफ्ते बाद लड़की ने सुसाइड कर लिया था। उसने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था। इसमें उसने लिखा था कि वह बदनामी की जिंदगी नहीं जी पायेगी उसके और उसके परिवार के सदस्यों के लिये अपमानजनक जीवन जीने से बेहतर होगा कि वह मर जाए। दोनों आरोपियों ने शराब पी रखी थी। उसमें यह भी लिखा था कि उसके साथ जो कुछ भी हुआ उसने उसके जीवन को बाधित और बर्बाद कर दिया और वह लड़कों को सजा देकर उनका जीवन बरबाद नहीं करना चाहती। उक्त सुसाइड नोट को मृत्यु पूर्व बयान माना गया था।

# गैंगरेप कर 13 साल की बच्ची को नदी में फेंका, डूबने से मौत

## 3 दिन पहले दोस्ती की, मिलने बुलाकर दोस्त से भी रेप कराया

**सागर।** सागर की देहार नदी में मृत मिली 13 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप हुआ था। ज्यादा खून बहने की वजह से बच्ची बेहोश गई। मरा समझकर आरोपी उसे नदी में फेंक आए थे। पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इनमें से एक मददगार है। पुलिस ने उसे भी आरोपी बनाया है। बच्ची बिलहरा से 20 अप्रैल को लापता हुई थी। परिजन ने बिलहरा चौकी में गुमशुदगी दर्ज कराई। दो दिन बाद 23 अप्रैल को रानगिर की देहार नदी में उसका शव उतराता मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके साथ दुष्कर्म और पानी में डूबने से मौत की बात सामने आई है। मुख्य आरोपी से बच्ची की दोस्ती घटना से तीन दिन पहले ही हुई थी। आरोपियों को उनके घर से ही पकड़ा गया है।

### 19 की रात आई कॉल से पुलिस को मिली लीड

20 अप्रैल को शिकायत मिलने के बाद बिलहरा पुलिस ने बच्ची की तलाश शुरू की। वह मोबाइल नहीं रखती थी। पुलिस ने परिवार के मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाई। 19 अप्रैल की रात आए कॉल पर संदेह हुआ। इस नंबर की लोकेशन रानगिर में मिली। पुलिस रानगिर में उस युवक तक पहुंच गई, जिसके नंबर से कॉल आया था। पूछताछ में उसने बताया कि उसकी सैलून की दुकान है। रोजाना लोग आते-जाते हैं। लड़की भी आई होगी। उसे नहीं पता कि लड़की कहां गई।

### सीसीटीवी में परिचित के साथ बाइक पर दिखी लड़की

युवक से पूछताछ के बाद पुलिस ने रानगिर मेले में लगी दुकानों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। बच्ची दीपक पटेल (25) के साथ बाइक पर बैठी दिखी। पुलिस ने उसे बिलहरा से हिरासत में ले लिया। इस बीच बच्ची का शव देहार नदी में उतराती मिला। दीपक ने पुलिस को बताया कि वह बच्ची के मोहल्ले में ही रहता है। उसने रानगिर जाने का बोला तो ले गया था। रानगिर में वह बाइक से उतरकर चली गई थी। पुलिस ने 25 से ज्यादा लोगों के बयान लिए। पता चला कि बच्ची सैलून पर गई थी। 19 अप्रैल की रात जिस युवक से बात हुई थी, सैलून उसी का है। पुलिस ने सैलून से श्याम मिलन (19) निवासी पाटई को उठाया। थाने लाकर पूछताछ की तो उसने अपने एक और साथी अक्षय सेन (19) का नाम बताया।

# 6 साल बाद 15 हजार जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। ग्वालियर के रहने वाले एनके शर्मा ने दूसरी ट्रेन का 630 रुपए टिकट खरीदा। वे ट्रेन का इंतजार करने लगे। इस बीच किसी यात्री से पता चला कि उनकी ट्रेन रद्द नहीं हुई है। शर्मा तुरंत उसी पूछताछ केंद्र पर गए, जहां इस बार बताया गया कि ट्रेन रद्द नहीं हुई। वह सूचना गलत थी। उन्होंने जब दूसरा टिकट लौटाने का कहा तो मना कर दिया गया।**

शर्मा ने पहले रेलवे में शिकायत की। फिर उपभोक्ता आयोग में केस दर्ज कराया। अब 6 साल बाद फोरम ने रेलवे को टिकट के 630 रुपए के अलावा 15 हजार रुपए और चुकाने के आदेश दिए हैं। फैसला भोपाल जिला उपभोक्ता की आयोग की बेंच 2 की अध्यक्ष गिरीबाला सिंह और सदस्य अंजुम फिरोज ने सुनाया है।

एनके शर्मा (49) ने आयोग में आईआरसीटीसी और पश्चिम मध्य रेलवे की शिकायत 1 दिसंबर 2018 को की, जिसमें बताया कि आईआरसीटीसी से उन्होंने ट्रेन नंबर 12192 श्री धाम एक्सप्रेस में थर्ड एसी में सीट बुक की। 21 दिसंबर 2017 को स्टेशन पहुंचे, तब रेलवे के डिस्प्ले बोर्ड पर श्रीधाम एक्सप्रेस के रद्द होने की जानकारी दी जा रही थी।

उन्होंने पूछताछ केंद्र पर रंजना जैन से इस संबंध में जानकारी मांगी, तो बताया गया कि श्रीधाम एक्सप्रेस रद्द हो गई है। दूसरी ट्रेन से ग्वालियर पहुंचने के लिए शर्मा ने जानकारी प्राप्त की और ट्रेन क्रमांक 12779 गोवा एक्सप्रेस में तत्काल में टिकट बुक किया, जिसके लिए 630 रुपए चुकाए।

जब शर्मा प्लेटफॉर्म पर गोवा एक्सप्रेस के आने का इंतजार कर रहे थे, तभी अन्य यात्रियों से पता चला कि 12192 श्रीधाम एक्सप्रेस रद्द नहीं हुई है। उन्होंने तुरंत कर्मचारियों को अवगत कराया परंतु रेलवे के कर्मचारियों ने कोई सहायता नहीं की। वे चाहते थे कि गोवा एक्सप्रेस का टिकट रेलवे अपनी गलती मानते हुए वापस करें।

### फोरम ने माना रेलवे सेवा में कमी के लिए उत्तरदायी

एनके शर्मा ने टिकट के अलावा डिस्प्ले बोर्ड की फोटो, होटल रेड-सी प्लाजा भोपाल के बिल की प्रति, गोवा एक्सप्रेस के टिकट और 21 दिसंबर 2017 की शिकायत की प्रति, शिकायत पुस्तिका, डीआरएम भोपाल को वॉट्सएप पर भेजी गई शिकायत की प्रति भी उपभोक्त फोरम को दिखाई। इसके अलावा उन्होंने रेलवे ने कर्मचारी रंजना जैन के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का पत्र भी फोरम को दिखाया।

फोरम ने कहा कि कैंसिलेशन होने की सूचना डिस्प्ले बोर्ड पर थी। वहीं, रेलवे ने भी इस बात को स्वीकारा है। विभाग अपने कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई करता है यह उनका आंतरिक मामला है, लेकिन जब रुपए लेकर टिकट दिए जाते हैं, तब यात्रियों को सुरक्षित पहुंचाने का दायित्व भी रेलवे का है। परिवादी को शारीरिक, मानसिक वेदना के साथ नया टिकट खरीदने को भी मजबूर होना पड़ा। इन सभी चीजों को देखते हुए रेलवे सेवा में कमी के लिए उत्तरदायी है।

# इटली की टूरिस्ट से फ्रॉड, बोलीं- विश्वास नहीं हो रहा

## ग्वालियर के युवक से ट्रेन में फ्रेंडशिप, खजुराहो में 100 यूरो लेकर भागा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** भारत घूमने आईं इटली की टूरिस्ट से फ्रॉड हुआ है। ग्वालियर के युवक ने ट्रेन में उनसे दोस्ती की। खजुराहो में 100 यूरो लेकर भाग निकला। यह रकम उन्होंने इंडियन करंसी लेने के लिए एक्सचेंज के लिए दी थी। भारतीय करंसी में यह करीब 9 हजार रुपए होते हैं। घटना 28 अप्रैल की है। एलीजा ने 30 अप्रैल को सोशल मीडिया पर VIDEO जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'अब उन्हें किसी की बात पर भरोसा नहीं हो रहा है।' एलीजा ने पुलिस में शिकायत नहीं की। हालांकि, VIDEO सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एलीजा, इटली के ही दोस्त आंद्रे के साथ भारत घूमने आई हैं। 28 अप्रैल को वे आगरा से ग्वालियर होते हुए खजुराहो जा रही थीं। उदयपुर-खजुराहो इंटरसिटी में ग्वालियर के पास उनकी मुलाकात युवक से हुई। युवक ने अपना नाम राघ शर्मा बताया। यह भी बताया कि वह ग्वालियर का रहने वाला है। एलीजा के मुताबिक, राघव रुद्राक्ष की माला पहने हुए था। सफर के बीच उसने उन्हें पानी की बोतलें खरीदकर दीं। कॉफी पिलवाई। क्योंकि, उनके पास इंडियन करेंसी नहीं थी। यूरो ट्रेन में चल नहीं रहे थे। इसके बाद एलीजा, उनके दोस्त और राघव भी खजुराहो पहुंचे। यहां पश्चिमी मंदिर में एलीजा ने 100 यूरो निकाले और इंडियन करंसी में बदलवाने के लिए पूछने लगीं।

# संपादकीय

## सरकारी व्यवस्था पर सवाल

*मणिपुर में अब भी जिस तरह लगातार हिंसा जारी है और उसमें आम लोगों से लेकर सुरक्षा बलों तक को निशाना बनाया जा रहा है, उससे यही लगता है कि सरकार की व्यवस्था नाकाम हो चुकी है, उपद्रवी तत्त्वों पर कोई लगाम नहीं है। मणिपुर के कांगकोपकी जिले में संघर्षरत दो समुदायों के बीच रविवार को गोलीबारी हुई और उसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों ने हमला किया था, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो जवान शहीद हो गए और दो जवान घायल हो गए। मानो हिंसा में शामिल समूहों को खुली अराजकता के लिए छोड़ दिया गया है या फिर सरकार के स्थिति पर काबू पाने के दावे खोखले हैं। यह विचित्र है कि राज्य में हिंसा की शुरुआत को एक वर्ष होने आया है, मगर अब तक न तो सरकार हिंसक तत्त्वों को थाम सकी है, न ही समस्या का हल निकालने में उसकी कोई रुचि दिखती है। गौरतलब है कि मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर कुकी समुदाय के साथ शुरू हुई हिंसा में अब तक दो सौ से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं, ग्यारह सौ से अधिक घायल हुए और करीब पैंसठ हजार को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा है। अभी देश भर में लोकसभा चुनाव का दौर है। माना जाता है कि चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था आम दिनों के मुकाबले इतनी सख्त होती है कि किसी भी अवांछित और आपराधिक गतिविधि को अंजाम देना संभव नहीं होता। हिंसाग्रस्त राज्य होने के नाते मणिपुर में सुरक्षा इंतजामों के और बेहतर होने की उम्मीद की जाती है। मगर हालत यह है कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच कहीं दो गुट आपस में सरेआम गोलीबारी कर लोगों की हत्या कर देते हैं, तो कहीं सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला करके उनकी जान ले रहे हैं। ऐसे में समझना मुश्किल है कि समस्या का समाधान निकालने और हिंसा पर काबू पाने को लेकर सरकार की मंशा आखिर क्या है! सब ठीक कर देने या होने के दावों के बरक्स हकीकत अगर त्रासद है, तो कठघरे में सरकार है।*

**अर्ज किया है..!**

*नहीं नहीं मैं बहुत*
*खुश रहा हूँ तेरे बग़ैर*
*यक़ीन कर कि*
*ये हालत अभी अभी हुई है*

*-इरफ़ान सत्तार*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**यदि भक्ति है तो कहीं जाओ तुम्हारे लिए हर जगह वृन्दावन है...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**ज्ञान-विज्ञान**

# मिल गया दुनिया का सबसे गहरा गड्ढा, पाताल से सीधा कनेक्शन... अंदर गुफाओं और सुरंगों का जाल



**दुनिया का सबसे गहरा गड्ढा वैज्ञानिकों को मिल गया है. यह मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप के चेतुमल खाड़ी (Chetumal Bay) में है. इसका नाम है ताम जा ब्लू होल (Taam Ja Blue Hole). अभी तक वैज्ञानिक इसकी गहराई नाप नहीं पाए हैं लेकिन शुरुआती गणना के अनुसार ये करीब 1380 फीट गहरा है. वह भी समंदर की सतह के नीचे. यानी इसका सीधा कनेक्शन पाताल से है. साइंटिस्ट अभी तक इसके बॉटम तक नहीं पहुंच पाए हैं.**

इससे पहले सबसे गहरे गड्ढे का रिकॉर्ड दक्षिणी चीन सागर में मौजूद ड्रैगन होल के नाम था. यह 990 फीट गहरा था. जबकि ताम जा ब्लू होल चीन के गड्ढे से 390 फीट ज्यादा गहरा है. पिछले साल 6 दिसंबर को स्कूबा डाइवर्स ने इस गड्ढे की खोज की. जिसके बारे में इस साल 29 अप्रैल को फ्रंटियर्स इन मरीन साइंस जर्नल में रिपोर्ट छपी है.

वैज्ञानिकों ने इसकी गहराई नापने के लिए कंडक्टिविटी, टेंपरेचर एंड डेप्थ प्रोफाइलर (CTD) तकनीक का इस्तेमाल किया. इससे समंदर के नीचे की सतह का रियल टाइम डेटा मिलता है. जिससे पता चलता है कि यह दुनिया का सबसे गहरा ब्लू होल है. जिसकी तलहटी तक अभी कोई गोताखोर या सबमरीन जा नहीं पाई है.

### क्या होते हैं ब्लू होल?

CTD प्रोफाइलर से यह भी पता चला है कि 1312 फीट की गहराई में इस गड्ढे से कई गुफाएं और सुरंगें भी निकलती हैं. जो आपस में जुड़ी हुई हैं. यहां पर तापमान और सैलिनिटी यानी नमक की मात्रा कैरिबियन सागर की तरह है. ब्लू होल यानी सिंकहोल. लेकिन ये पानी के अंदर होते हैं. ये जमीन के अंदर वर्टिकल गड्ढे होते हैं. जो बाद में नीचे सुरंगों का जाल से जुड़े होते हैं या फिर कभी-कभी नहीं भी जुड़े होते.

इनकी तलहटी में आमतौर पर लाइमस्टोन, मार्बल और जिप्सम पाया जाता है. ऐसा ही एक प्रसिद्ध ब्लू होल बहामास का डीन्स ब्लू होल है. मिस्र का दहाब ब्लू होल या बेलीज का ग्रेट ब्लू होल है. वैज्ञानिकों ने लिखा है कि इस गड्ढे की असली गहराई पता करने में थोड़ा समय और लग सकता है क्योंकि हमारे यंत्र उतनी गहराई तक नहीं जा सकते. CTD प्रोफाइलर 1640 फीट तक जा सकता है लेकिन अंडरवाटर करंट की वजह से उसका केबल टूटने का खतरा ता. इसलिए उसे 1380 फीट से वापस खींच लिया गया.

New Delhi

# DPS और संस्कृति समेत दिल्ली-नोएडा के 11 बड़े स्कूलों को धमकी भरे ईमेल, खाली कराकर हो रही तलाशी, विदेशी IP एड्रेस का इस्तेमाल

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली और नोएडा के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल किए गए हैं, जिसमें इन स्कूलों में बम रखे होने की खबर से हड़कंप मच गया है. इनमें द्वारका का DPS, मयूर विहार का मदर मैरी और नई दिल्ली के संस्कृति स्कूल के अलावा नोएडा के डीपीएस जैसे हाई प्रोफाइल स्कूल शामिल हैं. इस धमकी के बाद छात्रों को आनन-फानन में घर भेज दिया गया.**

द्वारका के हाई प्रोफाइल DPS स्कूल में बम रखे होने की धमकी दी गई. सुबह छह बजे दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची. पूरे स्कूल की तलाशी की गई.



पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार के मदर मैरी स्कूल को भी एक धमकी भरा ईमेल मिला है. पूरे स्कूल को खाली करवाकर तलाशी ली जा रही है. इसी तरह की धमकी नई दिल्ली के संस्कृति स्कूल को भी ईमेल के जरिए मिली. स्कूल में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद पूरे स्कूल को खाली करवाया गया.

इसी तरह की धमकी भरा ईमेल वसंत कुंज के DPS स्कूल और दक्षिण पश्चिम जिले के DAV स्कूल को भी किया गया है. पुष्प विहार के Amity स्कूल को भी बुधवार सुबह 4.30 बजे धमकी भरा ईमेल किया गया था, जिसमें स्कूल में बम रखे होने की बात कही गई.

नोएडा के DPS स्कूल को भी बम की धमकी दी गई है. नोएडा डीपीएस स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि नोएडा डीपीएस स्कूल को भी एक ईमेल मिला है, जिसमें बम की धमकी दी गई. हमने एहतियात के तौर पर तुरंत छात्रों को घर भेज दिया है.

New Delhi

## लव जिहाद, लैंड जिहाद और अब आया वोट जिहाद; सपा नेता ने क्या बोला, जिस पर मचा बवाल



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** समाजवादी पार्टी की नेता मारिया आलम सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने के आरोपों में घिर गई हैं और उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ है। मारिया आलम ने फर्रुखाबाद के कायमगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए 'वोट जिहाद' शब्द का इस्तेमाल किया था। इसे लेकर सबसे ज्यादा आपत्ति जताई जा रही है। मारिया आलम ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा था कि भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए आपको 'वोट जिहाद' करना होगा। मारिया आलम के साथ ही इस मामले में सलमान खुर्शीद भी घिर गए हैं, जो उस वक्त मंच पर थे। बता दें कि मारिया आलम रिश्ते में खुर्शीद की भतीजी लगती हैं। एफआईआर में खुर्शीद का नाम भी शामिल है। दोनों पर आईपीसी के सेक्शन 188 और 295A के तहत केस दर्ज हुआ है। मारिया आलम ने मुस्लिमों से विवादित अपील करते हुए कहा था, 'साथ मिलकर वोट जिहाद करिए। समझदारी से और चुपचाप फैसला लें। भावनाओं में न बहें। भाजपा को सत्ता से बाहर करने का यही रास्ता है।' यही नहीं मानवता पर खतरे की बात करते हुए मारिया आलम ने कहा था, 'लोग कहते हैं कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं। लेकिन मैं कहती हूं कि इंसानियत ही खतरे में आ गई है।' उन्होंने कहा कि यदि आपको देश की खूबसूरती एवं संस्कृति को बचाना है तो फिर समझदारी से फैसला लेना होगा।

Bihar

## शादी में आकर कहीं बवाल न कर दे बॉयफ्रेंड, इसलिए लड़की ने कॉल करके बुलाया, फिर पिता और भाई से करवा दिया कत्ल

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** बिहार के मुजफ्फरपुर में गर्लफ्रेंड ने अपनी शादी से एक दिन पहले रात बॉयफ्रेंड को कॉल कर बुलाया. इसके बाद अपने पिता और भाई से उसकी हत्या करा दी. लड़की वालों को डर था कि शादी में आकर बॉयफ्रेंड बवाल न कर दे. फिलहाल पुलिस ने हत्या के आरोपी में लड़की के भाई और पिता को गिरफ्तार कर लिया है. दरअसल, बीते दिनों गायघाट थाना क्षेत्र के कमरथू पट्टी स्थित भरपूरा चौर में एक युवक की हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया गया था. 28 अप्रैल को सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम कराया. उस समय युवक की पहचान नहीं हो सकी थी. पुलिस ने फोटो सोशल मीडिया पर डाला तो पहचान हो गई. मृतक की पहचान गायघाट थाना क्षेत्र के हरिवंश राय के 23 वर्षीय पुत्र निरंजन कुमार के रूप में हुई. इसके बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया. मृतक निरंजन की मां मंजू देवी ने गायघाट थाने में केस दर्ज कराया था. शिकायत में मृतक निरंजन की प्रेमिका और उसके पिता सखनू पासवान व भाई दिलीप पासवान, राजीव पासवान व रुदल पासवान को आरोपी बनाया गया था.

Chhattisgarh

## टोनही बोलकर महिला की पिटाई, गुस्साए देवर ने सब्बल से फोड़ा सर

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में टोना-जादू करने करने के आरोप में महिला से पिटाई का एक मामला सामने आया है। प्रदेश की राजधानी रायपुर में एक देवर ने अपनी भाभी पर टोनही का आरोप लगाते हुए उसकी पिटाई की है। देवर ने भाभी पर टोना जादू करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब से यह घर आई है वह कंगाल हो गया है। इसके साथ ही लड़के ने घर में रखे सब्बल से महिला की पिटाई करते हुए उसे सर को लहूलुहान कर दिया है। यह पूरा मामला रायपुर के खरोरा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

खरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली तारण भाई ने थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए कहा कि वह अपने पति और बच्चे के साथ रहती है। उसकी शादी को हुए करीब 15 सालों का वक्त पूरा हो चुका है। तारण भाई ने कहा कि सोमवार की रात वह अपने घर के आंगन पर बैठी हुई थी उस वक्त अचानक उसका देवर कुंवर दास बंजारे घर में घुस गया और पीड़िता को टोनही बोलते हुए अश्लील गाली गलौज करने लगा। इतना ही नहीं कई तरह के आरोप लगाते हुए देवर ने भाभी के साथ मारपीट की और घर में रखें सब्बल से उसके सिर पर वार किया है। पीड़िता ने एफआईआर करते हुए शिकायत की है कि देवर, सास और ननंद ने मिलकर उसकी पिटाई की है। उसने कहा कि पिटाई करने के दौरान दो लोगों ने उसका हाथ पकड़ा और देवर ने सब्बल से उस पर हमला किया है। जिससे पीड़िता के सर पर गंभीर चोट आई है। वही इस पूरे मामले में पुलिस मामला दर्ज करते हुए जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें जमानती धारा पर छोड़ दिया गया है।

खेल

# टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की क्या होगी बेस्ट प्लेइंग-11... ओपनर, बॉलर और ऑलराउंडर का ऐसा होगा कॉम्बिनेशन

नई दिल्ली. आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम की घोषणा हो चुकी है. मंगलवार (30 अप्रैल) को अजीत अगरकर की अगुवाई में चयनकर्ताओं की बैठक के बाद भारतीय टीम का ऐलान हुआ. आगामी टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे. वहीं हार्दिक पंड्या के कंधों पर उप-कप्तानी की जिम्मेदारी होगी.

टी20 वर्ल्ड कप के लिए स्क्वॉड में 15 खिलाड़ी चुने गए हैं, लेकिन मैच में तो 11 खिलाड़ी ही भाग लेंगे. ऐसे में बेस्ट प्लेइंग-11 चुनना भारतीय टीम मैनेजमेंट के लिए आसान काम नहीं होगा. स्क्वॉड में रोहित और विराट कोहली के साथ-साथ यशस्वी जायसवाल और सूर्यकुमार यादव भी हैं. इसका का मतलब है कि भारत के पास टॉप-4 में ऐसे खिलाड़ी हैं, जो आमतौर पर गेंदबाजी/विकेटकीपिंग नहीं करते हैं. इसके बाद लोअर-मिडिल ऑर्डर में सिर्फ दो स्लॉट बचता है, जिसमें एक स्लॉट विकेटकीपर के लिए फिक्स रहेगा.



इस बात की पूरी संभावना है कि टी20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करेंगे. वहीं विराट कोहली तीसरे और सूर्यकुमार यादव चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करेंगे. जबकि ऋषभ पंत को प्लेइंग-11 में संजू सैमसन के ऊपर तवज्जो मिलने की संभावना दिख रही है और वह पांचवें नंबर पर उतरेंगे. ऋषभ बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, जो भारत को लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन का भी ऑप्शन देगा.

इसके बाद ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या फिनिशर के रूप में उतर सकते हैं. शिवम दुबे भी स्क्वॉड में हैं, लेकिन उन्हें फिट करने के लिए या तो यशस्वी को ड्रॉप करना होगा या हार्दिक को बाहर बैठाना पड़ेगा. चूंकि हार्दिक को उप-कप्तान बनाया गया है, ऐसे में इस बात की ज्यादा संभावना है कि उन्हें ही चांस मिले. खैर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे में जिन्हें भी चांस मिलेगा, उनका रोल काफी अहम होगा. इन दोनों में से जो भी प्लेइंग-11 का हिस्सा होंगे, उन्हें कुछ ओवर गेंदबाजी भी करनी होगी.

स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर के तौर पर अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा में से किसी एक को प्लेइंग-11 में जगह मिलेगी. वहीं विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव की प्लेइंग-11 में जगह बनती दिख रही है. तेज गेंदबाजी यूनिट में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह नजर आ सकते हैं. अर्शदीप साल 2022 से टी20 में भारत के सफलतम तेज गेंदबाजों में से एक रहे हैं.

वैसे भारतीय टीम की प्लेइंग-11 चुनने में पिच का अहम रोल रहेगा. अगर भारतीय टीम धीमी पिच पर खेलती है तो वह तीसरे तेज गेंदबाज की जगह एक और स्पिनर चुन सकती है. वो या तो बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए, जडेजा-अक्षर दोनों के साथ जा सकती है या स्पिन गेंदबाजी आक्रमण को और शक्तिशाली बनाने के लिए 'कुलचा' (कुलदीप और चहल) को आजमा सकती है.

**टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत की बेस्ट प्लेइंग-11 :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह.

सिनेमा

## रामायण में क्या कैकेयी का किरदार निभा रही हैं लारा दत्ता? बोलीं-शूर्पणखा या मंदोदरी बनने को बोलते तब भी मना नहीं करती




लारा दत्ता की कुछ दिनों पहले फिल्म रामायण के सेट से फोटोज वायरल हुई थीं। लारा की फोटोज वायरल होते हुए बताया गया कि वह फिल्म में कैकेयी का किरदार निभा रही हैं। हालांकि फिल्ममेकर नितेश तिवारी की तरफ से इस बारे में कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं आया, लेकिन एक्ट्रेस ने इस पर अपनी बात रखी है। हालांकि लारा ने जो जवाब दिया उससे भी बात क्लीयर नहीं हो पाई है।

इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए लारा ने कहा, 'मैं भी बहुत सुन रही हूं। मैं लेकिन अफवाहों को वहीं छोड़ रही हूं। मुझे भी अच्छा लग रहा है उन बातों को सुनना और पढ़ना। कौन रामायण फिल्म का हिस्सा नहीं बनना चाहता। रामायण में कई किरदार हैं और मैं तो कोई भी ऑफर करने को तैयार हो जाती फिर चाहे शूर्पणखा हो या मंदोदरी।'

नितेश ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है जिसमें रणबीर कपूर, भगवान राम का किरदार निभा रहे हैं। सई पल्लवी, सीता का। वहीं ऐसी भी खबरें हैं कि सनी देओल, हनुमान का और यश, रावण का। ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म अगले साल यानी 2025 की दिवाली पर रिलीज होगी।

## Highlights

1. **May 2024: Dynamic weather forecast & alerts across south Asia**
2. **8 Delhi NCR schools get bomb threat, searches underway**
3. **PM Modi extols Maharashtra's legacy on Statehood Day**
4. **Former Congress MLAs Neeraj Basoya, Naseeb Singh quit party**
5. **IMD signals red alert for Andhra Pradesh**
6. **Lucknow: van carrying 9 women prisoners, 14 officers catches fire**

# Google layoffs: Ex-employees say company 'scaring employees' over Israel protest



**NEW DEIHI, (Agency).** Google layoffs: A group of employees within Alphabet Inc's Google lodged a complaint with the US labour board claiming the the company fired almost 50 workers unjustly. This comes after Google laid off several employees for their dissent against the company's cloud contract with the Israeli government. The complaint was filed with the US National Labor Relations Board (NLRB) and alleges that Google's termination of employees amounted to an infringement upon their rights under US labour law.

Google layoffs over Israel protests

Google announced in early April that it was dismissing 28 employees who disrupted operations at unspecified office locations while protesting Project Nimbus. The project- which is valued at $1.2 billion- was jointly secured by Google and Amazon to provide cloud services to the Israeli government amid Hamas war. The company later said that 20 more workers had also been laid off over protests against the contract in office premises.

What Google said on the layoffs

Google condemned the conduct of the employees who were laid off and said that it was "completely unacceptable." The company said in a statement, "We carefully confirmed and reconfirmed that every single person whose employment was terminated was directly and definitively involved in disruption inside our buildings."

What fired employees said on Google's stand over protests?

Zelda Montes, a former Google employee who faced arrest during the protests, said as per news agency Reuters that Google's actions were aimed at stopping organising efforts in the company. Google was sending a message to its employees that dissent would not be tolerated., Zelda Montes said, adding "Google is attempting to instill fear in employees."

# Binance founder Changpeng Zhao is world's richest prisoner. His net worth is...



**NEW DEIHI, (Agency).** Former CEO of Binance Changpeng Zhao has been sentenced to four months in prison after he pleaded guilty to violations of US anti-money laundering and sanctions laws last year. The founder of the world's largest cryptocurrency exchange was once the most powerful crypto industry figure. With this, he becomes the second major crypto boss to be sentenced to prison after Sam Bankman-Fried of FTX.

Changpeng Zhao: Richest prisoner in history?

Changpeng Zhao is also the richest person to be imprisoned in the US and likely in the world as well. His personal fortune stands at $43 billion, as per Bloomberg which reported that his net worth is likely to grow even more while he is jailed amid the ongoing crypto bull run.

Changpeng Zhao's time at Binance

The 47-year-old stepped down as CEO of Binance last year but the company's board of directors include many of his close friends, it was reported. He also retains an approximate 90% stake in Binance.

Changpeng Zhao's sentence

US District Judge Richard Jones in Seattle imposed a significantly shorter prison term on Changpeng Zhao while prosecutors had sought more than three years sought. The sentence is also below the maximum 1-1/2 years recommended under federal guidelines. In comparison to Sam Bankman-Fried, the sentence is lighter as the FTX boss has been given 25 years behind bars although he is appealing his conviction and sentence.

# रणजीत हनुमान में श्रद्धालु की मौत

## प्रशासन ने कहा- साइलैंट अटैक से गई जान, भगदड़ वाली बात अफवाह थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रणजीत हनुमान के भंडारे में मंगलवार रात एक श्रद्धालु की मौत हो गई। उन्हें सडक़ पर गिरने के बाद तुरंत अस्पताल ले जाया गया था। जिसमें उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।**

रणजीत हनुमान मंदिर पर मंगलवार रात भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें विजय (48) पुत्र सुंदरलाल प्रजापत निवासी गोविंद कॉलोनी मल्हारगंज रात11.15 बजे पुलिस लाइन से कैंपस में आने के बाद चक्कर खाकर गिर गये थे। यहां मौजूद कार्यकर्ताओं की सहायता से उन्हें बाहर लाकर यूनिक हॉस्पिटल भेजा गया।

यहां डाक्टरों ने साइलैंट अटैक से मौत की पुष्टि करते हुए उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में जिला प्रशासन ने भगदड़ और धक्का मुक्की वाले घटनाक्रम को पूरी तरह अफवाह बताया है।

टीआई अन्नपूर्णा संजू कामले ने बताया कि पूरे मंदिर परिसर और बाहर सीसीटीवी लगे थे। श्रद्धालु की मौत के बाद वहां के सभी सीसीटीवी चैक किए हैं। उसमें भगदड़ जैसा कुछ नहीं दिखाई दिया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा रणजीत का प्रसाद लेने आते हैं।

### गेट नही खोला तो हुआ हादसा,भीड़ बेकाबू थी

इस मामले में एक प्रत्यक्षदर्शी जय निवासी स्कीम नंबर 71 ने बताया कि वह 8 बजे से लाईन में लगा था। पहली बार भंडारे में आए थे। उनके आगे ही कुछ दूरी पर विजय खड़े थे। मंदिर प्रशासन पास वाले को अंदर इंट्री दे रहा था। इस दौरान गेट खोलने को लेकर भगदड़ हुई। जिसमें विजय घबराकर वही गिर गए। इस दौरान कुछ लोग उन पर चढ़ते हुए बाहर निकले। कुछ लोग वही जमीन पर गिर गए। वहां लगे बेरीकेट्स भी टूट गए। घबहराहट में विजय बाहर ही नही निकल पाए। इसके बाद चार लोगो ने उन्हें उठाकर बाहर निकाला ओर अस्पताल भेजा। जय ने बताया कि वह 20 सालो से रणजीत हनुमान मंदिर पर दर्शन करने जा रहे है। लेकिन ऐसा हादसा देखकर डर गए। उनके मुताबिक वह भी इस दौरान दबते हुए बचे। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर पोस्ट किया।

# मासूम से हरकत करने वाले प्रोफेसर को पांच वर्ष कारावास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विवाह समारोह में पहुंचकर मासूमों से हरकत करने वाले प्रोफेसर को विशेष न्यायालय ने पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि आरोपित ने जो अपराध किया है उसके लिए उसे जितना कठोर दंड दिया जाए वह कम है। 9 फरवरी 2022 को 10 वर्षीय बालिका की माता ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि 5 फरवरी को वह अपने रिश्तेदार के यहां विवाह समारोह में गई थी। उसकी बेटा और बेटी झुले के पास खेल रहे थे कि आरोपित हरजीत सिंह छाबड़ा वहां पहुंचा। उसने बच्ची से नाम पूछा और फिर उसके साथ हरकत करने लगा। बच्ची चिल्लाई तो वह उसे छोडक़र वहां से चला गया। दो दिन बाद उसे उसके रिश्तेदार ने फोन पर बताया कि जिस हुलिए के व्यक्ति ने बच्ची के साथ हरकत की थी वह उसी गार्डन में मौजूद है। इस पर वह वहां पहुंची और उसे पकड़ लिया। निरीक्षक मनीषा दांगी ने बताया कि जांच में यह बात सामने आई थी कि आरोपित इसी तरह विवाह समारोह में पहुंचकर मासूम बच्चियों के साथ छेड़छाड़ करता था। विशेष न्यायाधीश रश्मि वाल्टर ने आरोपित को पांच वर्ष कठोर कारावास और तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# छात्रों से फीस के 10 लाख रुपये का गबन करने वाला कॉलेज का शिक्षक गिरफ्तार

## छात्रों से फीस लेकर खेल लिया था आनलाईन जुआ-सट्टा

### कॉलेज प्रशासन द्वारा फीस के रुपये वापस मांगने पर, आरोपी शिक्षक दे रहा था आत्महत्या की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कॉलेज के छात्रों की फीस के लाखों रुपए का गबन करने वाले शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दस लाख रुपए कॉलेज में न जमा करते हुए अपने पास रख लिए और उन रुपयों से ऑनलाइन जुआ-सट्टा खेल लिया था। वहीं जब कॉलेज प्रशासन को गबन का पता चला और उससे रुपए मांगे तो वह आत्महत्या की धमकी देने लगा था।

पुलिस थाना तेजाजी नगर पर चमेलीदेवी कालेज के प्रिंसीपल सुभाष धांडे के व्दारा महाविद्यालय के शिक्षक राहूल कौल नि.सुखलिया के विरुध्द कालेज मे अध्ययनरत 30 छात्रो से लगभग 10 लाख रुपये फीस लेकर गबन करने की शिकायत की थी। आरोपी ने महाविद्यालय मे फीस जमा कराने के आश्वासन के आधार पर छात्रों से फीस प्राप्त कर ली किन्तु महाविद्यालय मे जमा नही करायी। विगत दिनो जब छात्रो के परीक्षा फार्म भरे जा रहे थे तब छात्रो से फीस के संबंध मे पूछताछ करने पर महाविद्यालय प्रशासन के संज्ञान में आया की महाविद्यालय के शिक्षक राहुल ने बच्चो का भविष्य दांव पर लगाकर महाविद्यालय के छात्रो से फीस की राशि लगभग 10 लाख रुपये व्यक्तिगत रुप से लेकर महाविद्यालय मे जमा नही करायी तथा जुआ सट्टा खेल लिया। प्राचार्य के व्दारा राहुल कौल को बच्चो से प्राप्त की गयी फीस को महाविद्यालय मे जमा करने के लिये बोला तो राहुल कौल आत्म हत्या की धमकी देने लगा। प्राचार्य की शिकायत पर थाना तेजाजी नगर मे आरोपी राहुल कौल के विरुध्द अपराध धारा 420,406 भादवि का प्रकरण पंजीबंध्द कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस टीम द्वारा पतारसी कर आरोपी को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बच्चो से प्राप्त फीस को कॉलेज में जमा नही कर, उन रुपयों से आनलाईन जुआ सट्टा खेले जाने की बात स्वीकार की है। आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी तेजाजीनगर करणदीप सिंह (भा.पु.से.), एवं सउनि महेश श्रीवास्तव तथा आरक्षक अभिनव का सराहनीय योगदान रहा।

# नगर निगम फर्जीवाड़ा में मास्टर माइंड अभय राठौर सहित तीन निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नगर निगम फर्जीवाड़ा के मास्टर माइंड एक्जीक्यूटिव इंजीनियर (ईई) अभय राठौर सहित तीन को निलंबित कर दिया गया है। लेखा शाखा के दो विनियमित कर्मचारियों को हाजिरी मुक्त करने के लिए नोटिस जारी किया है। राठौर के अलावा जिनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई, उनमें सब इंजीनियर उदय भदौरिया और इंट्री आपरेटर चेतन भदौरिया शामिल हैं।

निगमायुक्त शिवम वर्मा ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि फर्जीवाड़ा में लिपिक राजकुमार साल्वी का नाम भी आया है। उसके खिलाफ बुधवार को निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। वर्मा ने बताया कि नगर निगम की जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। बुधवार को इसे शासन को सौंप दिया जाएगा।

निगम में बगैर काम के फर्जी बिलों के जरिए करोड़ों रुपये के भुगतान का मामला सामने आने के बाद से ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठ रही थी। मंगलवार शाम नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंटरनेट मीडिया पर दोषियों के निलंबन के आदेश देने की बात कही। इसके बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई कर दी गई। विजयवर्गीय ने फर्जीवाड़ा की उच्च स्तरीय जांच के लिए भी कहा है।

इंजीनियर अभय राठौर का नाम इसके पहले भी कई फर्जीवाड़े और घोटाले में आ चुका है। यातायात घोटाला, यशवंत तालाब गहरीकरण में पाइप लाइन घोटाला में भी उसका नाम आया था। वह पूर्व में भी निलंबित रह चुका है। वर्ष 2005 में बोरिंग के फर्जी बिल तैयार करने और भुगतान कराने के मामले में उसकी लोकायुक्त से शिकायत भी हुई थी। उसके यहां ईओडब्ल्यू की कार्रवाई भी हो चुकी है। कार्रवाई में उसके यहां करोड़ों रुपये की संपत्ति मिली थी। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद उसे कलेक्टर कार्यालय भेज दिया गया था, लेकिन कुछ समय पहले ही वह एक बार फिर नगर निगम पहुंच गया।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार रात ही मुख्यमंत्री से निगम फर्जीवाड़ा की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि वर्ष 2022 से पहले निगम के सभी विभागों में हुए काम और किए गए भुगतान की जांच की जानी चाहिए।






# बागेश्वर धाम की कथा में महिला ने काटी हाथ की नस धीरेंद्र शास्त्री से मिलने की कर रही थी जिद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री से न मिलने देने पर एक महिला ने हाथ की नस काट ली। जिसके बाद उसे आनन-फानन में एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया बता दे कि इन दिनों कनकेश्वरी धाम में धीरेंद्र शास्त्री की कथा चल रही है। यहां मंगलवार को सीमा नामक महिला पहुंची थी। कथा समाप्त होने पर वह धीरेंद्र शास्त्री से मिलने की जिद करने लगी। वहीं सिक्?योरिटी और अन्य लोगों द्वारा रोके जाने पर उसने हाथ की नस काट ली, जिसके बाद महिला बेसुध हो गई और उसे तत्काल कनकेश्वरी संस्था की एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक